चूरू सूचना केन्द्र का मुख्य दरवाजा तो खुला, लेकिन अभी गंदगी हटना बाकी

सूचना केन्द के दरवाजे पर पशुओं को अंदर आने से रोकने के लिए लगा रखी है चैन

चूरू में सूचना केन्द्र का बंद दरवाजा खुलने से स्व. माधव शर्मा द्वारा शुरू किया गया यह अभियान अपने मुकाम तक पहुंच गया है।

■ प्रभारी मंत्री बृजेंद्र सिंह ओला की प्रेस कांफ्रेस में उठाया मुद्दा

चूरू, (कासं)। कोई कहने को तो चाहे कुछ भी कहे पर सूचना केन्द्र का मुख्य दरवाजा आज ही खुला है। कल गंदगी भी हट जाएगी। उल्लेखनीय है कि वरिष्ठ पत्रकार माधव शर्मा के निधन के बाद सूचना केंद्र का दरवाजा खुलवाने की मांग को लेकर 5 जुलाई को पत्रकारों ने कलैक्टर और एसपी से मुलाकात की थी। उसके बाद भी सूचना केंद्र का दरवाजा नहीं खुलने पर जिला प्रभारी मंत्री बृजेंद्र सिंह ओला द्वारा आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों ने यह मामला उठाया था। पिछले दिनों प्रभारी मंत्री ने यहां आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा था कि आज सूचना केंद्र का दरवाजा खुल जाएगा। दुर्भाग्य से उसके बाद दरवाजे पर लगा ताला तो खुल गया लेकिन दरवाजा बंद ही रहा। यहां एक बार फिर से गहरा रोष व्यक्त किए जाने पर आज दरवाजा खोल दिया गया। सामने आया है कि सार्वजनिक निर्माण विभाग के पास बजट नहीं होने के कारण यहां काऊ कैचर नहीं लगा है। आवारा पशु अंदर ना आएं, इसलिए चैन लगा रखी थी। चाहे सार्वजनिक निर्माण विभाग हो या कोई और। प्रभारी मंत्री बृजेन्द्र ओला की तो बात पूरी तरह से रही नहीं। इसे यहां की भाषा में 'बांदरा बणाणा' कहा जाता है। उसी दिन प्रभारी मंत्री बृजेन्द्र सिंह ओला के सामने पत्रकारों के भूखण्डों पर गंदगी, अतिक्रमण आदि हटाने की मांग की गई थी। जिला कलैक्टर ने छह माह में समस्या का समाधान करने की बात कही थी।

हालांकि गंदगी तो सूचना केन्द्र के इस दरवाजे के आगे भी है। आज दरवाजा खुला है, कल गंदगी भी हट जाएगी। कुल मिलाकर सूचना केन्द्र का बंद दरवाजा खुलने से स्व. माधव शर्मा द्वारा शुरू किया गया यह अभियान अपने मुकाम तक पहुंच गया है। यह यहां के पत्रकारों की एकता के कारण ही सम्भव हुआ है। यह सत्य की जीत हुई है।

सेवा पखवाड़े के तहत कार्यक्रम आयोजित

झुंझुनूं, (निसं)। सांसद नरेंद्र कुमार ने गांगियासर में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2022 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में देशभर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित सेवा पखवाड़ा के तहत जनसुनवाई की व लंपी रोग से प्रभावित गौवंश के लिए दवाई वितरण की व लंपी रोग से प्रभावित गौवंशों की देखभाल करने वाले भागचंद जांगिड़, भंवरसिंह चौहान, रोनक जांगिड़, हिमांशु जांगिड़, संजय कुमार मीणा का माला पहनाकर सम्मान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नवनिर्वाचित जीएसएस अध्यक्ष हबीब खां अखाण, विशिष्ट अतिथि जिला प्रमुख हर्षिनी अतुल कुमार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष इंजी. प्यारेलाल ढूकिया, जिला मंत्री महेंद्र चंदवा, पूर्व प्रधान गिरधारीलाल खीचड़, भाजपा युवा नेता अतुल कुमार, पंसस नरेश मांजू, पूर्व सरपंच सुरेश सिहाग, कृष्णकुमार जानूं, भाजपा जिला अल्पसंख्यक महामंत्री लूकमान खां, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष राधेश्याम प्रजापत, जीएसएस उपाध्यक्ष महेश व शरीफ चौहान थे। कार्यक्रम में उप सरपंच सतीश, मकबूल चौहान, सुशील जांगिड़, विमल जांगिड़ अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

सार-समाचार

रामकिशन शर्मा अध्यक्ष व अन्तरसिंह उपाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित

सादुलपुर, (निसं)। ग्राम सेवा सहकारी समिति हरपालू के हुए चुनाव अन्तर्गत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। जिसमें रामकिशन शर्मा को अध्यक्ष एवं अन्तरसिंह को उपाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित किया गया। वहीं पूर्व अध्यक्ष भानाराम स्वामी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष रामकिशन शर्मा एवं उपाध्यक्ष अन्तर सिंह का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। इसी दौरान ग्रामीणों ने निर्विरोध निर्वाचन पर खुशी जाहिर करते हुए ग्राम पंचायत हरपालू के विकास में इसे सकारात्मक पहल बताई।

ग्रामीण ओलंपिक खेल बैठक

झुंझुनूं, (निसं)। राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों की जिला स्तरीय प्रतियोगिता 29 सितंबर से शुरू हो रही है। जिला कलेक्टर लक्ष्मण सिंह कुड़ी ने गुरूवार को इस संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक लेते हुए खेलों के आयोजन पर विस्तृत चर्चा करत हुए विभिन्न विभागीय अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी। जिला कलेक्टर ने विश्वास जताया कि ठााम पंचायत स्तरीय और ब्लॉक स्तरीय खेलों की तरह जिला स्तरीय खेलों का भी सफल आयोजन किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी राजेश ओला ने बताया कि इस दौरान जिला कलेक्टर ने मैच के शेड्यूल की भी लॉटरी निकाली। बैठक में जिला परिषद सीईओ जवाहर चौधरी, एडीएम जेपी गौड, एएसपी डॉ. तेजपाल सिंह, सीडीईओ पितराम सिंह काला, डीईंओ माध्यमिक सुभाष ढाका, सीएमएचओ डॉ. राजकुमार डांगी, पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन शंकरलाल समेत विभिन्न विभागीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

पंचायत पुरस्कार को लेकर दिया प्रशिक्षण

चिड़ावा, (निसं)। पंचायत समिति के सभागार में गुरूवार को एक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ रण सिंह ने की। बैठक में मौजूद अधिकारियों को राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार को लेकर कार्यशाला की जानकारी दी गई। बीडीओ रण सिंह ने इस पुरस्कार के लिए आवश्यक शर्तों, पात्रता और कार्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने सभी ठााम पंचायत स्तर पर इस पुरस्कार को हासिल करने के लिए प्रयास करने का आ ान किया। उन्होंने इस दौरान ठााम पंचायतों में लम्पी बीमारी को लेकर पशुओं के इलाज के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने इस कार्य में भामाशाहों से मदद लेने और इलाज करवा गॉवंश को बचाने की अपील की। इस दौरान बीसीएमओ डा. अनिल लाम्बा, सीडीपीओ डा. प्रभा लाम्बा, एडीओ ओमप्रकाश और राजेश जांगिड़ ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके एईएन महेंद्र कुमार, वीडीओ संजय बाडेतिया, श्यामलाल सैनी, मनोज थाकन, अनिल कुमार सहित काफी कार्मिक मौजूद रहे।

गाय ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है: इंजी. ढूकिया

गांव निराधनूं के चौक में गौ-सेवा शिविर का आयोजन किया।

झुंझुनूं, (निसं)। मंडावा विधानसभा क्षेत्र के निराधनूं गांव में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2022 के तहत छठे दिन गांव निराधनूं के चौक में गौ-सेवा शिविर का आयोजन किया।

सेवा पखवाड़ा अभियान के संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष इंजी. प्यारेलाल ढूकिया ने लंपी बीमारी से संक्रमित गौवंश के लिए दवा वितरण की एवं ढूकिया ने कहा कि गायों की उत्पति समुद्र मंथन के दौरान हुई है और स्वर्ग में स्थान मिला है तथा शास्त्रों में गायों को मां का दर्जा दिया गया है। गाय को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी होती है। शिविर में लंपी महामारी से पीडित गायों व गौपालकों को दवा वितरण कर गौशाला में जाकर गायों को औषधियुक्त लड्डू भी खिलाए। इस अवसर पर सह संयोजक महेंद्र चंदवा, पूर्व प्रधान गिरधारीलाल खीचड़, कृष्णकुमार जानूं, मंडल अध्यक्ष देशराज राहड, विक्रमसिंह मान, भोपालसिंह शेखावत, जगदीशप्रसाद चाहर, सुरेंद्र जांगिड, केशरदेव दर्जी, सांवरमल सैनी, जहांगीर खां आदि ग्रामीणजन उपस्थित थे।

अध्यक्ष व उपाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित

■ ग्राम सेवा सहकारी समिति नीमां का चुनाव

सादुलपुर, (निसं)। ग्राम सेवा सहकारी समिति नीमां का चुनाव शांति पूर्वक हुआ। जिसमें अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष निर्वाचित चुने गये। निर्वाचन अधिकारी ने बताया की अध्यक्ष पद जयसिंह जाखड तथा उपा अध्यक्ष विमला गुजर को बनाया गया। इसी दौरान निर्वाचन क्षेत्र के सभी सदस्यों नें माला पहनाकर निर्वाचन अधिकारी का स्वागत किया। इस अवसर पर निर्वाचन अधिकारी चिमनाराम बुडानिया ने कहा की जिस प्रकार आज शांति पूर्वक चुनाव अन्तर्गत निर्विरोध अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का हुआ है, उसे तरीके से निर्वाचन मण्डल को कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर नीमां सरपंच मानसिंह रेबारी ने कहा कि ग्राम सेवा सहकारी समिति के लिए एक कमरा आरक्षित कर दिया गया है, उसमें सहकारी समिति का कार्य किया जाए। अवसर पर सुमेर सिंह शेखावत, दलीप सिंह, साजिद अली, सुमेर सिंह, बाबूलाल, सुरेश कुमार व्यवस्थापक व अशोक कुमार आदि उपस्थित थे।

रतनगढ़ में खाद्य सुरक्षा टीम की कार्रवाई, 10 नमूने लिये

रतनगढ़ कस्बे में एक प्रतिष्ठान पर नमूने लेती खाद्य विभाग की टीम।

रतनगढ़, (निसं)। कस्बे में खाद्य सुरक्षा टीम ने गुरुवार को 10 नमूने लिये।

सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा ने बताया कि 22 सितंबर को 10 नमूने लिए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी फूल सिंह बाजिया व विनोद थारवान ने बताया कि रतनगढ़ शहर व आसपास के क्षेत्र में दूध, तेल, बेसन, आटा व पनीर के दस नमूने लिए। शुद्ध के लिए अभियान के तहत जयपुर रोड गुसाईसर में स्थित दूध डेयरी पर सप्लाई करने वाले वाहनों से सर्विलेंस में दूध के 6 नमूने लिए गए हैं। उन्होने बताया कि फर्म भाग्यश्री होटल सालासर फाटा रतनगढ़ से तेल का एक नमूना लिया गया है।

फर्म विनायक होटल सालासर फाटा रतनगढ़ से पनीर का एक नमूना लिया गया है। फर्म श्री श्याम फ्लोर मिल रतनगढ़ से आटे का एक नमूना लिया गया है तथा फर्म मां पार्वती फ्लोर मिल से बेसन का एक नमूना लिया गया है। सभी नमूनों को प्रयोगशाला में जांच के लिए भिजवाया गया है।

एक दिवसीय राष्ट्रीय हड़ताल

■ बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक में रहेगी हड़ताल

पाटन, (निसं)। बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक ऑफिसर्स एवं एंप्लाइज एसोसिएशन के मुख्य समन्वयक बनवारी लाल ने बताया कि भारत सरकार द्वारा ग्रामीण बैंकों को निजी करण की ओर ले जाने के लिए ग्रामीण बैंकों में आईपीओ लाने के आदेश जारी किए हैं। जिसके विरोध में ऑल इंडिया रीजनल रूरल बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन ने देशव्यापी एक दिवसीय राष्ट्रीय हडताल आज शुक्रवार को की जा रही है। बैंक के अधिकारी व कर्मचारी हड़ताल पर रहकर भारत सरकार के आई.पी.ओ.के आदेश का विरोध करते हुए मांग करते हैं कि वित्तीय सेवा विभाग वित्त मंत्रालय भारत सरकार अपने आदेश को तुरंत प्रभाव से निरस्त करे।

इसके साथ ही ग्रामीण बैंक कर्मचारी अपनी 8 सूत्रीय राष्ट्रीय मांगों की मांग भी करते हैं। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि बैंक कर्मचारियों की मांगों का समय पर समाधान न होने पर केंद्रीय संगठन द्वारा दो दिवसीय राष्ट्रीय हड़ताल की जाएगी।

नाम परिवर्तन

मेरे पुत्री के स्कूल रिकॉर्ड में भूलवश पिता का नाम भंवरलाल मेघवाल व माता का नाम सावित्री दर्ज हो गया, जो कि गलत है। जबकि पिता का वास्तविक नाम भंवर लाल व माता का नाम सेठी है। अब मैं मेरी पुत्री के स्कूल रिकॉर्ड में संशोधित करवाकर पिता का नाम भंवरलाल व माता का नाम सेठी दर्ज करवाना चाहता हूं, जो सही एवं सत्य है। मेरी पुत्री की जन्मतिथि 21.08.2007 है।

शपथ ग्रहिता

भंवर लाल पुत्र खेताराम निवासी वार्ड नं. 14 सांडवा, तहसील बीदासर जिला चूरू (राज.)

राजस्थान सरकार
हेतुक दर्शित करने हेतु आव्हान पत्र
(दफा 21)
न्यायालय अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश महोदय, रतनगढ़, चूरू
आवेदन पत्र क्रमांक 09/2022
तारीख पेशी 13.10.2022
बिमला देवी आदि प्रार्थीगण बनाम सर्वसाधारण आदि अप्रार्थीगण
दरखास्त बाबत प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र

निमित :-
सर्वसाधारण

आपको बजरिये इस नोटिस से सूचित किया जा रहा है कि बिमला देवी उम्र 32 साल पत्नी स्व. गणेशाराम जाति प्रजापत निवासी वार्ड नम्बर 01 आथुणा बास, राजलदेसर तहसील रतनगढ़ जिला चूरू आदि ने आपके विरूद्ध एक आवेदन बाबत जिसमें अपने पति स्व. गणेशाराम जिसकी बीमा चोला मण्डलम एम.एस. जनरल इं.कं. लिमिटेड की पॉलिसी संख्या 3379/02373228/00/01 में जमा कवर राशि को प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र इस न्यायालय में दायर किया है। जिसमें आगामी तारीख पेशी 13.10.2022 नियत है।

अतः आप स्वयं अथवा जरिये अधिवक्ता उक्त नियत दिनांक को समय 10.00 ए.एम. पर न्यायालय में उपस्थित होकर वजह जाहिर करें कि क्यों न उक्त आवेदन पत्र को स्वीकार किया जावें। बसूरत आपकी अनुपस्थिति में आवेदन पत्र एकपक्षीय रूप से सुना जाकर निर्णित किया जावेगा।

डी.एन.109, दिनांक 8/9/22
रीडर
न्यायालय अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश, रतनगढ़ (चूरू)

अग्रसेन जयंती महोत्सव पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम'

झुंझुनूं, (निसं)। अठासेन भवन झुंझुनूं में अठासेन जयंती महोत्सव-2022 का आयोजन 24 से 26 सितंबर तक होने जा रहा है, को लेकर अठावाल समाज समिति झुंझुनूं पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन चूणा चौक राणी सती रोड स्थित आशीर्वाद पैलेस में डॉ. डीएन तुलस्यान के कार्यालय में रविवार सुबह 11 बजे किया गया।

सभा में समिति अध्यक्ष संपत्त चुडैलेवाला, सचिव कमल अठावाल, कोषाध्यक्ष राजेश केजड़ीवाल, जयंती महोत्सव के मुख्य संयोजक डॉ. डीएन तुलस्यान, सह-संयोजक आशीष तुलस्यान एवं हरीश तुलस्यान द्वारा जयंती महोत्सव को लेकर विस्तार से विचार विमर्श किया गया। अठासेन जयंती महोत्सव-2022 में 26 सितंबर को समारोह के मुख्य अतिथि मुंबई प्रवासी रामाकांत टीबड़ा, कार्यक्रम अध्यक्ष दिल्ली प्रवासी इंद्रकुमार मोदी, विशिष्ट अतिथि ताराचंद गुप्ता, पवन गाडिया, सुभाषचंद्र क्यामसरिया एवं श्यामसुंदर अठावाल नूआंवाले होंगे। बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए प्रतियोगिता 24 सितंबर शनिवार दोपहर 2 से 5 बजे तक बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए आयोजित प्रतियोगिताओं में ज्वैलरी मेकिंग फॉर हल्दी रस्म प्रतियोगिता का आयोजन नीतू अठावाल एवं सपना राणासरिया के संयोजन में प्रायोजक केशरदेव तुलस्यान परिवार फर्म मै. घनश्यामदास हनुमान बक्स के सौजन्य से, मेकअप आर्ट प्रतियोगिता का आयोजन संगीता गुप्ता एवं सरिता सिंघानिया के संयोजन में प्रायोजक संतकुमार केडिया परिवार के सौजन्य से, तंबोला हाउजी कार्यक्रम का आयोजन सपना राणासरिया एवं संगीता गुप्ता के संयोजन में प्रायोजक श्री रामावतार संजय कुमार नांगलिया के सौजन्य से किया जाएगा। हास्य कवि सम्मेलन 24 सितंबर शनिवार को रात्रि 7.30 बजे से हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन संयोजक मुकेश गुप्ता एवं विकास तुलस्यान के संयोजन में प्रायोजक डॉ. विनोद टीबड़ेवाला के सौजन्य से किया जाएगा। जिसमें शेखावाटी के सुप्रसिद्ध हास्य कवि हरीश हिंदुस्तानी एवं अन्य कवि एवं कवियत्री अपनी चिर परिचित हास्य रचनाओं से रुबरु होंगे।

किशोरी शैक्षिक उत्सव आयोजित

रतनगढ़, (निसं)। स्थानीय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लूँछ में गुरुवार को राज्य सरकार के निर्देशानुसार किशोरी शैक्षिक उत्सव का आयोजन किया गया! जिसका मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण हैं। जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने विभिन्न नवाचारों का प्रयोग करते हुए जल संरक्षण, स्वास्थ्य एवं हाईजिन, बाल अधिकार एंव सुरक्षा, हिंदी व्याकरण, अंठोजी, गणित विज्ञान आदि विषयों पर बच्चों द्वारा मॉडल चार्ट एंव प्रोजेक्ट की स्टॉल लगाई गई। जिसमे पीईईओ लूँछ के लगभग 70 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रारम्भिक एंव माध्यमिक स्तर के तीन तीन जोन बनाये गए। उच्च प्राथमिक स्तर पर जोन प्रथम में नेहा शर्मा, जोन द्वितीय में अरविंद, जोन तृतीय में माया स्योरण विजेता रहे। इसी प्रकार माध्यमिक स्तर में जोन प्रथम में ज्योति कंवर, जोन द्वितीय में हर्षवर्धन एंव जोन तृतीय में पुष्पा विजेता रहीं। इस अवसर पर पीईईओ मगना राम नायक एंव रूपेश कुमार शर्मा ने रिबन काट कर किशोरी मैले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर किशोरी शैक्षिक उत्सव प्रभारी सरोज सैनी, अरविंद शर्मा, प्रभु राम, भंवरलाल ढाका, कमलेश सैनी उपस्थित थे।

डांस में राजस्थान स्कूल ने बाजी मारी

चिड़ावा कस्बे के सोमरा मैरिज गार्डन में शेखावाटी वॉर डांस कंपीटिशन का आयोजन किया गया।

चिड़ावा, (निसं)। सूरजगढ़-लोहारू बाईपास तिराहे पर सोमरा मैरिज गार्डन में शेखावाटी वॉर डांस कंपीटिशन का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों ने एकल और सामूहिक नृत्य की प्रस्तुतियां दी।

नृत्य प्रतियोगिता में राजस्थान शिक्षण संस्थान का दबदबा रहा तथा राजस्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कार स्वरूप 21 हजार रुपए नकद व ट्रॉफी प्रदान की गई। महालक्ष्मी ज्वैलर्स, पायल हॉस्पिटल, राजमंगलम होटल, लोहिया सीसै स्कूल, पेटेंट फैशन, बार्बर क्लब, बिजारणियां टाइल्स, योगेश मेडिकल, कजारिया टाइल्स आदि के सहयोग से हुए कार्यक्रम में हरियाणवी कलाकार राममेहर महला, मीता बडोदा व सुनील कुमावत ने भी प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में राजस्थानी, पंजाबी, देशभक्ति गीतों पर बच्चों ने एकल और सामूहिक नृत्य की प्रस्तुतियां दी। ठेकेदार देशराज सोमरा की देखरेख में हुए कार्यक्रम में मुम्बई के आशीष चौधरी, कर्ण सिंह, निहारिका, सोनिया ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत में पंस सदस्य और भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष वर्षा सोमरा व अंकिता योगी के नेतृत्व में कलाकारों व अतिथियों का स्वागत किया गया। इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष जयसिंह मांठ, पूर्व प्रधान शेर सिंह नेहरा, उप प्रधान विपिन नूनिया, पूर्व प्रधान नीता यादव, डॉ. हरि सिंह पायल आदि मौजूद थे।

भारतीय स्टेट बैंक
State Bank of India
तनावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, तीसरी मंजिल मैट्रिक्स मॉल, सेक्टर-4, जवाहर नगर
जयपुर (राज.)-302004 Branch Code- 18184,
ई-मेलः sbi.18184@sbi.co.in, Tel: 0141- 2657811, 2657921, 2657926, 2657989
प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002, परिशिष्ट IV [नियम 8 (1) देखें]
कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)

जबकि, निम्नहस्ताक्षरकर्ता **भारतीय स्टेट बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का अधिनियम संख्यांक 54) के अंतर्गत और धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में, प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित, **ऋणी मैसर्स स्वामी कृषि स्टोर, प्रोपराईटर श्रीमती मंजू देवी पत्नी श्री मुन्नी दास स्वामी** पर **मांग सूचना दिनांक 21.05.2022** पर उस सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर दिनांक 05.05.2022 को बकाया राशि **रू. 25,84,856.23 (रूपये पच्चीस लाख चौरासी हजार आठ सौ छप्पन एवं पैसे तेईस मात्र)** एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों का पुनर्भुगतान करने के लिए मांग सूचना जारी की गई।

ऋणी द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल होने पर एतद्वारा सूचना ऋणी और आम जनता को दी जाती है कि निम्नहस्ताक्षरकर्ता ने दिनांक **17 माह सितम्बर, वर्ष 2022** को उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत, उक्त अधिनियम की उपधारा 8 के साथ पठित उसमे प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति को कब्जे में ले लिया है।

ऋणी को विशेष एवं आम जनता को एतद्वारा सम्पत्ति के साथ कोई संव्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ किया गया कोई भी संव्यवहार दिनांक 05.05.2022 को बकाया राशि **रू. 25,84,856.23 (रूपये पच्चीस लाख चौरासी हजार आठ सौ छप्पन एवं पैसे तेईस मात्र)** एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों का पुनर्भुगतान करने के लिए **भारतीय स्टेट बैंक, तनावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, तृतीय मंजिल, मैट्रिक्स मॉल, सेक्टर-4, जवाहर नगर, जयपुर** के प्रभार के अधीन होगा।

कर्जदार का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

अचल सम्पत्ति का वर्णन

सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग गठित होते हैं जो कि फर्म के मालिक श्रीमती मंजू देवी पत्नी श्री मुन्नी दास स्वामी के नाम साम्यिक बंधक आवासीय भूमि एवं भवन जो बस स्टेण्ड के पास, सांडवा, तहसील सुजानगढ़, जिला चूरू, राजस्थान पर स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 1526 वर्गफीट है। **सीमाएं**– उत्तरः तारूराम दर्जी का मकान, दक्षिणः ब्रम्हानन का मकान, पूर्वः रास्ता आम, पश्चिमः बजरंग खाती का मकान। **प्राधिकृत अधिकारी,**
दिनांकः 17.09.2022, स्थानः सांडवा, तहसील सुजानगढ़, जिला चूरू **भारतीय स्टेट बैंक**

भारतीय स्टेट बैंक
State Bank of India
तनावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, तीसरी मंजिल मैट्रिक्स मॉल, सेक्टर-4, जवाहर नगर
जयपुर (राज.)-302004 Branch Code- 18184,
ई-मेलः sbi.18184@sbi.co.in, Tel: 0141- 2657811, 2657921, 2657926, 2657989
प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002, परिशिष्ट IV [नियम 8 (1) देखें]
कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)

जबकि, निम्नहस्ताक्षरकर्ता **भारतीय स्टेट बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का अधिनियम संख्यांक 54) के अंतर्गत और धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में, प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित, **ऋणी मैसर्स शहीद भगत सिंह जमीदारा ट्रैडर्स, प्रोपराईटर श्री शमशेर सिंह पुत्र श्री माला राम एवं जमानतदार श्रीमती कमलेश देवी पत्नी श्री सुरेश कुमार** पर **मांग सूचना दिनांक 11/04/2022** पर उस सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर दिनांक 11.04.2022 को बकाया राशि **रू. 75,32,403.28 (रूपये पचहतर लाख बतीस हजार चार सौ तीन एवं पैसे अठाईस मात्र)** एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों का पुनर्भुगतान करने के लिए मांग सूचना जारी की गई।

ऋणी द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल होने पर एतद्वारा सूचना ऋणी और आम जनता को दी जाती है कि निम्नहस्ताक्षरकर्ता ने दिनांक **17 माह सितम्बर, वर्ष 2022** को उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत, उक्त अधिनियम की उपधारा 8 के साथ पठित उसमे प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति को कब्जे में ले लिया है।

ऋणी को विशेष एवं आम जनता को एतद्वारा सम्पत्ति के साथ कोई संव्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ किया गया कोई भी संव्यवहार दिनांक 11.04.2022 को बकाया राशि **रू. 75,32,403.28 (रूपये पचहतर लाख बतीस हजार चार सौ तीन एवं पैसे अठाईस मात्र)** एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों का पुनर्भुगतान करने के लिए **भारतीय स्टेट बैंक, तनावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, तृतीय मंजिल, मैट्रिक्स मॉल, सेक्टर-4, जवाहर नगर, जयपुर** के प्रभार के अधीन होगा।

कर्जदार का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

अचल सम्पत्ति का वर्णन

1. सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग गठित होते हैं जो कि श्री शमशेर सिंह पुत्र श्री माला राम के नाम आवासीय भूमि एवं भवन जो गांव सुलताना, तहसील चिड़ावा, जिला झुंझुनू पर स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 241.35 वर्ग गज है। **सीमाएं**– उत्तरः कमलेश देवी का मकान, दक्षिणः कुंज बिहारी का मकान, पूर्वः राजवीर सिंह का मकान एवं रोड 10', पश्चिमः नाला।
2. सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग गठित होते हैं जो कि श्रीमती कमलेश देवी पत्नी श्री सुरेश कुमार के नाम कृषि भूमि से परिवर्तित गैर कृषि भूमि जो खसरा नं. 849/2, कुल क्षेत्रफल 0.26 हेक्टेयर में से परिवर्तित क्षेत्र 500 वर्गमीटर है जो गांव सुलताना, तहसील चिड़ावा, जिला झुंझुनू पर स्थित है। **सीमाएं**– उत्तरः स्वयं की भूमि, दक्षिणः शमशान भूमि, पूर्वः स्वयं की भूमि, पश्चिमः रोड 15' चौड़ी। **प्राधिकृत अधिकारी,**

दिनांकः 17.09.2022 स्थानः गांव सुलताना (झुंझुनू) **भारतीय स्टेट बैंक**

पोषण मेले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों का सम्मान किया

शिक्षित बनो !
संगठित बनो !!
घर्ष करो !!!
जय भीम
जय भीम

सुजानगढ़ में उत्कृष्ट कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया।

■ इस दौरान दो गर्भवती महिलाओं की गोद भराई करवाई गई

सुजानगढ़, (निसं)। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राष्ट्रीय पोषण मिशन 2.0 के तहत ब्लॉक स्तरीय पंचम पोषण माह एवं प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना का एकल समारोह आयोजित किया गया।

बाल विकास परियोजना अधिकारी गौरव चौधरी के सानिध्य एवं बीसीएमओ डॉ. ओमप्रकाश धानिया के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में समाज कल्याण अधिकारी बाबूलाल, बीपीएम संजय कुमार, वरिष्ठ लेखाकार रतनलाल विशिष्ट अतिथि थे। पोषण रैली से शुरू हुए पोषण मेले में स्वस्थ शरीर और स्वस्थ आहार के बारे में जानकारी दी गई। बीसीएमओ डॉ. ओमप्रकाश धानिया ने आपसी सामंजस्य व आपसी योगदान के बारे में जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना के बारे में बताया। समाज कल्याण अधिकारी बाबूलाल ने पालनहार योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बीपीएम संजय कुमार ने दैनिक स्वास्थ्य सम्बंधी गतिविधियों के बारे में जानकारी देते हुए सही हाथ धोने की विधि के बारे में बताया। सीडीपीओ गौरव चौधरी ने कार्यकर्ताओं के कार्य की प्रशंसा करते हुए उनकी हौसला अफजाई करने के साथ ही विभाग की महत्वपूर्ण गतिविधियों के बारे में बताया। पोषण अभियान के तहत आयोजन व पीएमएमवीवाई में उत्कृष्ट कार्य करने वाले महिला पर्यवेक्षक सरोज नायक, सरोज स्वामी, चंद्रप्रभा शर्मा, गोमती देवी, गोमती कुमारी, सरिता बेरवाल, एनटीटी सेक्टर प्रभारी विकास ढाका, राधा चंदन पीएमएवाई चेकर, एनएनएम कार्मिक ब्लॉक समन्वयक लालचंद, परियोजना सहायक सुमन, पीएमएमविवाई डीईओ बंसीलाल, कार्यकर्ता मुन्नी, सुनीता कंवर, मांगी देवी, संतोष, अंजू, सुनीता जानू को सम्मानित किया गया। महिला पर्यवेक्षक सरोज स्वामी, सरिता बेरवाल ने पोषण के महत्व एवं उपयोगिता के बारे में जानकारी दी।

पर्यवेक्षक अंकिता ने भी महत्वपूर्ण जानकारियों से उपस्थितजनों को अवगत करवाया। इस अवसर पर आयोजित व्यंजन प्रदर्शनी का अतिथियों ने अवलोकन किया तथा उन्हे चख कर हौसला अफजाई की। इस दौरान दो गर्भवती महिलाओं की गोद भराई करवाई गई तथा दो छोटे शिशुओं का अन्न प्राशन करवाया गया। संचालन पर्यवेक्षक गोमती कुमारी ने किया।

अंतरराष्ट्रीय दौड़ प्रतियोगिता होगी

■ संत गुमान गिरी की पुण्यतिथि 25 सितंबर को

मुकुंदगढ, (निसं)। कस्बे के कुंभनाथ दरबार ब्रह्म बगीची में संत गुमान गिरी की पुण्यतिथि 25 सितंबर को मनाई जाएगी। इस मौके पर कामाक्षा मां शैलेंद्र बाबा कामधेनु सेवा संस्थान ट्रस्ट के तत्वावधान में धार्मिक कार्यक्रमों समेत तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय दौड़ प्रतियोगिता भी होगी। कार्यक्रम के तहत 24 सितंबर को दरबार के महंत बाबा शैलेंद्र नाथ महाराज के सानिध्य में भजन संध्या होगी। वहीं 25 सितंबर को समाधि पूजन, आरती व भंडारे का आयोजन होगा। ट्रस्ट की ओर से 25 सितंबर से बाकरे वाला स्टेडियम में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय दौड़ प्रतियोगिता शुरू होगी। प्रतियोगिता में 10 से 25 आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग ले सकेंगे। विजेताओं को प्रतीक चिह्न, प्रशस्ति पत्र व नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।